# BOHRA INDUSTRIES LIMITED

**CIN: L24117RJ1996PLC012912**
**Registered Office: 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001**
**Email id: bil@bohraindustries.com, Phone: +91-294-2429513; Fax: +91-294-2429515**
**Website: http://www.bohraindustries.com**


---

**Date:** 04/04/2026

**To,**
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza Block G, C 1, Bandra Kurla Complex, G Block BKC, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra 400051

**NSE Symbol: BOHRAIND ISIN: INE802W01023**

**Sub: Newspaper Advertisement- Disclosure under Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations").**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose herewith copies of newspaper advertisement published in the Financial Express (English) and Hukmnama Samachar (Hindi) in compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 relating to dispatch of notice of the Extra-Ordinary General Meeting and E-voting information.

A copy of the said newspaper advertisements is enclosed for your reference and record.

Thanking you,

Yours sincerely,
**For Bohra Industries Limited**

ATUL DAVE Digitally signed by ATUL DAVE
Date: 2026.04.04 17:12:43
+05'30'

**Atul Dave**
**Managing Director**
**DIN: 09696561**

Enclosed: As above.

## बिहार रेजिमेंट के सैन्य अधिकारी हुए शामिल

# शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह को श्रद्धांजलि, देशभक्ति से गूंजा महाविद्यालय

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीर सपूत शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेवा परमो धर्म ग्रुप के तत्वावधान में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी एवं सैन्य अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धांजलि दी। समारोह में बिहार रेजीमेंट के सेना के अधिकारियों ने भी भाग लिया और शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह के अदम्य साहस, वीरता और देशभक्ति को याद करते हुए कहा कि 3 अप्रैल 2004 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों से मुकाबला करते हुए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका बलिदान देश के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। सैन्य अधिकारियों ने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूतों के त्याग और बलिदान से ही देश की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।



## नव-नियुक्त जिला कलेक्टर टीना डाबी ने संभाला कार्यभार

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** नव-नियुक्त जिला कलेक्टर टोंक टीना डाबी ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर नव-नियुक्त जिला कलेक्टर टीना डाबी ने पत्रकारों को बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता आमजन को राहत देना होगी।

साथ ही राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे इसकी सुनिश्चितता की जाएगी। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री के संपर्क परिवादों का भौतिक सत्यापन करके गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं विकसित ग्राम, विकसित वार्ड अभियान पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं आमजन तक पहुंचे, जिसका लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तथा परिवार को मिले, इसके लिए समन्वय बना करके कार्य किया जाएगा। डाबी ने कहा कि वे शीघ्र ही अधिकारियों की बैठक लेकर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।



## सड़क किनारे खडा बिजली का पोल दे रहा हादसों को न्योता

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र के बूज गांव में नकचीघाटी-नायला रोड पर पर सड़क किनारे स्थित बिजली का पोल हादसों को न्योता दे रहा है। स्थानीय सरपंच सीमा करण सिंघल ने बताया की नकचीघाटी-नायला रोड पर बिजली का पोल रोड की ओर झुका हुआ है। रोड पर आवागमन के साधनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में अगर आमने-सामने वाहन आ जाये या फिर राहगीर जा रहा हो तो ऐसे में हादसा होने की पूरी संभावना है। सरपंच सीमा करण सिंघल ने विद्युत निगम से सड़क किनारे स्थित उक्त बिजली पोल को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है ताकि हादसे की संभावना नहीं रहे।



## अवैध गैस भंडारण पर सख्त कार्रवाई, *कई स्थानों से सिलेंडर जब्त*



**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में पेट्रोल-डीजल एवं एलपीजी की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने तथा अवैध संग्रहण और कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल ने गुरुवार को सघन कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान बसईनवाब स्थित बजरंग मिष्ठान भंडार से 1, कौलरी क्षेत्र से 6, श्याम बाबा मिष्ठान भंडार से 3 तथा ओम जय लटीला बाबा मिष्ठान भंडार से 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त 2 पेट्रोल पम्पों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच की गई। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि जिले में आम उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने आमजन से अपील की कि भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और समय पर गैस बुकिंग कराएं, जिससे निर्धारित समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की निर्बाध आपूर्ति जारी है और सभी पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। आमजन से अनावश्यक रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का संग्रहण/भंडारण नहीं करने की अपील की गई है।

## यातायात नियमों को लेकर ट्रैफिक पुलिस का सख्त अभियान

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस लगातार वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ-साथ नियमों की अनदेखी करने वालों पर जुर्माना लगाकर कार्रवाई कर रही है। यातायात सब इंस्पेक्टर मानसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिलेभर में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग को लेकर लोगों को समझाइश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जो वाहन चालक यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही मॉडिफाइड बाइक और काली फिल्म लगी कारों पर भी नियमानुसार चालान काटे जा रहे हैं। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित रूप से प्रयोग करें। नियमों का पालन कर न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें, बल्कि जिले में सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग भी करें।

## सुरेश हरसल व नन्दलाल लागड़ी को दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर किया सम्मानित

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** हनुमान जयंती पर फरीदाबाद दिल्ली में अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग बैंसला एवं संस्थापक नरेंद्र डेढ़ा ने सम्राट मिहिर भोज की अष्ट धातु की प्रतिमा देकर प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश हरसल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नंदलाल लांगड़ी को सम्मानित किया। उनको यह सम्मान प्रदेश में समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया। उनके सम्मान पर टोंक जिला गुर्जर समाज में हर्ष ओर खुशी की लहर है। इस अवसर पर दिनेश डोई, विनोद घराट्या, धनराज हरचंदेड़ा, रामनरेश गौहरपुरा, आशाराम लांगड़ी, लोकेश, लेखराज, आदि समाज बंधुओं ने शुभकामनाएं दी है।




## हर्षिता चौधरी ने कला वर्ग में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पोस्ट हमीरपुर के लिए गर्व की बात है कि शिवराज भामू फौजी की सुपुत्री हर्षिता चौधरी ने कला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार एवं पूरे गांव में खुशी का माहौल है। हर्षिता ने अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों तथा ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामवासियों व प्रशासक गीता देवी जाट एवं जनप्रतिनिधि गोवर्धन लाल जाट ने बताया कि शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं तथा उन्होंने कठिन परिश्रम के साथ अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता दी। उनकी इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्षिता चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। और हर्षिता चौधरी का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी बनकर क्षेत्र व राज्य की सेवा करने का लक्ष्य रखती है और उसकी यह सफलता उसके माता-पिता गुरुजनों परिवार जनों के आशीर्वाद से प्राप्त हुई है।



## एक नजर

### जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने किया डीग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का सघन जायजा लिया तथा स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कस्वां और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने ओपीडी में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों के पंजीकरण की जानकारी ली। उन्हें अवगत कराया गया कि सुबह से 321 मरीजों का पंजीकरण किया जा चुका है। जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञों, विशेषकर डेंटिस्ट और सर्जन की उपलब्धता के विषय में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अस्पताल के विभिन्न वार्डों—जिसमें पुरुष एवं महिला वार्ड शामिल हैं—का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मरीजों को मिल रही सुविधाओं को बारीकी से परखा। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में जांच सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि आज कुल 472 टेस्ट किए गए हैं। उन्होंने मशीनों की क्रियाशीलता और मरीजों को जांच रिपोर्ट दिए जाने की प्रक्रिया के बारे में पूछताछ की। मरीजों की सुविधा और समय की बचत के दृष्टिगत, जिला कलेक्टर ने दो शिफ्टों में जांच करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को जल्द से जल्द रिपोर्ट प्राप्त हो सके। साथ ही, अस्पताल परिसर में पड़े पुराने सामान व कबाड़ की नियमानुसार नीलामी करने के निर्देश भी दिए।

## सटट् की खाईवाली करते हुए आठ व्यक्ति गिरफ्तार

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्पेशल टीम द्वारा सोप थाना क्षैत्र में दो जगहों पर सटट् की खाईवाली करते हुए आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 61 हजार रू. नगद, 8 मोबाईल व सट्टे की हिसाब डायरियों में कुल 11 लाख का हिसाब बरामद किया है। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि गठित टीम का गठन किया गया, जिनमें हैड कानि. शरीफ मो., कानि. प्रधान, शिवपाल, रुकमकेश, राधामोहन, राधाकिशन एवं राजेश कुमार द्वारा सोप थाना क्षेत्र में दो जगहों पर छापेमार कार्रवाई की जाकर सट्टे की खाईवाल करते हुए आठ व्यक्ति जुगराज पुत्र प्रभुलाल (44) निवासी सोप, अमरलाल पुत्र किशन गोपी खटीक (57) निवासी सोप, राजेन्द्र पुत्र रामप्रसाद रेगर (37) निवासी सोप, राजमल पुत्र सुरज मल बैरवा (37) निवासी अहमद नगर थाना सोप, प्रहलाद पुत्र चन्द्रा बैरवा (58) निवासी मनोहर पुरी थाना सोप, कमलेश पुत्र रामकरण माली (38) निवासी हीरामन जी का मौहल्ला थाना सोप, दिनेश पुत्र रामदयाल माली (30) निवासी बामण गांव थाना नैनवा जिला बूंदी एवं पप्पू पुत्र ग्यारसी लाल बैरवा (40) निवासी सोलतपुरा थाना अलीगढ़ जिला टोंकको गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से करीबन 61 हजार नगद सट्टा राशि, 8 मोबाइल व सट्टे की हिसाब डायरियों में कुल 11 लाख का हिसाब बरामद हुआ। सभी आरोपियों के विरुद्ध सोप थाने में पृथक-पृथक मुकदमें दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है, भविष्य में भी जिला स्पेशल टीम द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



## युवाओं की आवाज बनकर उभरे मनोज मीणा, जिलाध्यक्ष पद के लिए ठोकी ताल

### युवाओं से किया साथ देने का आह्वान

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में युवा कांग्रेस की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सूरवाल गांव निवासी युवा नेता मनोज मीणा ने जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी पेश कर दी है। मनोज मीणा ने कहा कि वे लंबे समय से राजस्थान के युवाओं की आवाज उठाते आ रहे हैं और उनके हक व अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब वे इस लड़ाई को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाना चाहते हैं, ताकि प्रदेश के युवाओं को उनका उचित अधिकार मिल सके। नामांकन के साथ ही जिले में युवा कांग्रेस चुनाव की सरगर्मियां बढ़ गई हैं। मनोज मीणा ने सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे आगे आएं और इस लड़ाई को मजबूत बनाएं, ताकि युवाओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।उनके नामांकन के बाद राजनीतिक माहौल में उत्साह देखा जा रहा है और आगामी चुनाव को लेकर युवाओं में खासा जोश नजर आ रहा है।



# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ खंड जमवारामगढ़ की बैठक सम्पन्न

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) खंड जमवारामगढ़ की शुक्रवार दिनांक 3 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद शर्मा अध्यक्ष खंड जमवारामगढ़ द्वारा की गई, तथा संचालन-उपस्थिति में जिला मंत्री रमेश चंद गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बैठक में विभिन्न शैक्षिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। नव संवत्सर 2083 के स्वागत कार्यक्रम की समीक्षा, सदस्यता अभियान 2026-27 की रणनीति एवं कार्य योजना संगठन स्तर पर कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की योजना संगठन की सक्रियता को बढ़ाने पर जोर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा लंबित समस्याओं पर विचार-विमर्श अन्य समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए सदस्यता अभियान को गति दी जाएगी तथा शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया जाएगा। इस अवसर पर रामकिशन मीणा, महेश कुमार शर्मा, गोधाराम रैगर, अखिल धवन एवं सुनील कुमार सैन ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में बैठक का समापन संगठन की एकता एवं शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प के साथ किया गया।




## धारा 170 के तहत शांति भंग में दो गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ थाना पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 BNSS के तहत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार किया है। जमवारामगढ़ थाना हैड कांस्टेबल बाबूलाल गठाला ने बताया की रोशन उर्फ गोरी शंकर पुत्र जगदीश वर्मा निवासी बूज व बनवारी लाल पुत्र प्रह्लाद मीणा उम्र 32 साल निवासी निंबी पुलिस थाना जमवारामगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 BNSS के तहत शांति भंग में गिरफ्तार किया गया।

**BOHRA INDUSTRIES LIMITED**
Corporate Identification Number (CIN): L24117RJ1996PLC012912
Registered Office Address: :301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001
Email id: bil@bohraindustries.com; Phone: +91-294-2429513;
Fax: +91-294-2429515, Website:www.bohraindustries.com

**NOTICE OF EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING (EOGM) AND REMOTE E-VOTING**

Notice is hereby given that the Extra-Ordinary General Meeting ('EOGM') of the Members of Bohra Industries Limited ("Company") will be held on Monday, 27 April 2026 at 03:00 P.M. (IST) through Video Conference (VC)/ Other Audio-Visual Means (OAVM) facility, to transact the businesses as set forth in the Notice of EOGM by remote e-voting only.

The EOGM will be convened in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013, ('Act') and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('SEBI Listing Regulation') read with General Circulars No. 14/2020 dated April 8, 2020, No. 17/2020 dated April 13, 2020, No. 22/2020 dated June 15, 2020, No. 33/2020 dated September 28, 2020, No. 39/2020 dated December 31, 2020, No. 10/2021 dated June 23, 2021, No. 20/2021 dated December 8, 2021, No. 03/2022 dated May 5, 2022, No. 11/2022 dated December 28, 2022 and No. 09/2023 dated September 25, 2023 issued by Ministry of Corporate Affairs, Government of India (collectively referred to as 'MCA circulars') and Securities and Exchange Board of India ('SEBI') vide its Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020, read with Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021Circular No. SEBI/HO/ CFD/ CMD2/ CIR/P/2022/62 dated May 13, 2022, and SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated October 07, 2023 ('SEBI Circulars') read with all other relevant circulars issued from time to time, without the physical presence of the Members at a common venue.

The Company pursuant to Section 108 of the Act and in compliance with the above circulars has completed dispatch of the Notice of the EOGM, only by email on 03 April 2026, to all those Members who are shareholders of the Company as on 27 March 2026 and whose email addresses are registered with the Company/Company's Registrar & Share Transfer Agent (RTA) i.e. M/s. Bigshare Services Private Limitedor with their respective Depository Participants ('Depository'). The Notice is also available on the Company's website at www.bohraindustries.com and at the relevant sections on the website of the Stock Exchange, i.e., "NSE",on which shares of the Company are listed.

Pursuant to Sections 108 of the Act read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations, the Company is providing e-voting facility to the shareholders, whose names appear in the Register of Members/List of Beneficial Owner as on 17 April 2026 ('Cut-Offdate'), to cast their votes electronically on the resolution as outlined in the EOGM Notice, using remote e-voting system as well as e-voting at the EOGM through electronic voting system of Bigshare Services Private Limited (agency engaged by the Company for providing the Remote e-voting facility).

The Shareholders whose names appear in the Register of Members/List of Beneficial Owners as on the Cut-Off date shall only be eligible for remote e-voting, and voting rights shall be in proportion to the shares held by them on the Cut-Off date.

The instructions for joining the EOGM and the detailed procedure for e-voting are provided in the EOGM Notice. The Remote e-voting period commences from Friday 24 April 2026, at 09:00 AM(IST) and ends on Sunday 26 April 2026, at 05:00 PM (IST) ('Voting Period'). The Remote e-voting module shall be disabled by Bigshare Services Pvt. Ltd. the reafter. Once the vote on the resolution is cast by the Members, he/she shall not be allowed to change it subsequently.

Any persons who have acquired shares and become members of the Company after the dispatch of notice may obtain the login ID and password by sending a request to ivote@bigshareonline.com.

Members holding shares in physical mode and who have not registered/updated their email addresses with the Company are requested to update their email addresses by submission of ISR-1 duly filled and signed, and other relevant forms and supporting documents with the RTA at M/s. Bigshare Services Private Limited address at investor@bigshareonline.com or to the Company at bil@bohra industries .com. Members holding shares in dematerialised modeare requested to register/ update their email addresses with the relevant Depository Participants as per the process advised by the Depository Participants.

All grievances connected with the facility for Remote e-voting may be addressed to Bigshare Services Private Limited on investor@bigshareonline.com.

For Bohra Industries Limited
Sd/- ATUL DAVE
MANAGING DIRECTOR (DIN: 09696561)

Place : Udaipur
Date : 03.04.2026